# Page Three Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# ऑनलाइन क्लास के अलावा अन्य विकल्पों पर भी करें विचार

## शिक्षामंत्री ने संचालित हो रही ऑनलाइन क्लासेज की समीक्षा की

**समीक्षा**

**संवाददाता**

देहरादून। उच्च शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ धन सिंह रावत शनिवार दूसरे दिन भी विधानसभा स्थिति अपने कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने उच्च शिक्षा विभाग के अधिकिरियों के साथ समीक्षा बैठक की। डॉ रावत ने इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर अधिकारियों के साथ चर्चा की। उन्होंने लॉकडाउन अवधि में विभिन्न स्तर से संचालित हो रही ऑनलाइन क्लासेज की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि प्रदेश के कई इलाकों में नेटवर्क की समस्या रहती है लिहाजा ऑनलाइन क्लास के अलावा अन्य विकल्पों पर भी विचार कर छात्रों की समस्या को हल किया जाय।

वहीं इन समस्याओं से निपटने के लिए उच्च शिक्षा मंत्री आगामी 21 अप्रैल को प्रातः 10 बजे सभी कॉलेजों के प्राचार्यों के साथ विडियों कॉफ्रेसिंग के जरिये वार्ता करेंगे जिसमें प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा भी उपस्थित रहेंगे। इसके अलावा उन्होंने प्रत्येक अधिकारियों को 10–10 कॉलेजो की जिम्मेदारी सौंपने के निर्देश भी दिये। ताकि छात्रों की समस्याओं को दूर किया जा सके। वहीं बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि छात्रों की सुविधा के लिए निदेशालय और जिला स्तर पर टोल फ्री नंबर जारी किये जाय।

समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री ने विभिन्न कॉलेजों में चल रहे निर्माण कार्यों को शुरू करवाने के निर्देश दिये। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यदायी संस्थाओं को जल्द काम शुरू करने को कहा जाय। साथ ही उन्होंने कहा कि कार्यदायी संस्था स्थानीय स्तर पर प्रशासन से अनुमति लेकर काम शुरू। ताकि अधूरे पड़े कार्यों को समय रहते पूरा किया जा सके।

वहीं बैठक में कॉलेजों की सुरक्षा को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित कॉलेज के प्राचार्य को अवगत कर दिया जाय और पुलिस या स्थानीय प्रशासन को इस संदर्भ में अलग से सूचित करें।

वहीं इस मौके पर दिप्ती रावत, उपाध्यक्ष, उच्च शिक्षा उन्नयन समिति, प्रोफेसर एम.एस. एम. रावत, सलाहाकार, उच्च शिक्षा, डॉ. कुमकुम रौतेला, संयुक्त निदेशक, डॉ. ए.एस. उनियाल, उपनिदेशक, डॉ रचना नौटियाल, नोडल रुसा, डी.सी. गोस्वामी, विधि अधिकारी उच्च शिक्षा, विनोद कुमार, प्रभारी एडुसेट सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## न्यूज डायरी

### हेल्प लाइन करेगी काम

**संवाददाता** पिथौरागढ़। लाकडाउन के चलते लोगो को कोई परेशानी न हो इसी के मददेनजर जिला मुख्यालय की पूलिस ने हेल्प लाइन नंबर जारी किया । बता दें कि मुख्यालय की पुलिस अधीक्षक प्रीति प्रियदर्शिनी ने कहा कि लाकडाउन के चलते इलाके की जनता को कोई समस्या न हो इसके लिए पुलिस द्वारा हेल्प लाइन जारी किये है। किसी भी प्रकार की समस्या के लिए सुझाव के लिए हेल्पलाइन नंबर 05964 226651 व 9456593344 में संपर्क करने की अपील की है। वही पुलिस अधीक्षक महोदया ने भरोसा दिलाया कि इन नंबरों पर तुरंत समस्याओं का समाधान किया जायेगा।

### जिले में मौसम दे गया दगा

**संवाददाता** पिथौरागढ। मुख्यालय में फिर मौसम दगा दे गया। देर सांय हल्की बूंदाबांदी हुई। वही निचले इलाकों में जबरदस्त बारिश के होने के समाचार मिले है। वही मुसयारी डीडीहाट व धारचमला में जोरदार बारिश होने के समाचार मिले है। वही जिला मुख्यालय में एक दो घंटें के बीच धूल भरी आंधी तूफान होने के समाचार मिले हैं।

### 125 परिवारों को वितरित किया दूध व ब्रेड का नाश्ता

**संवाददाता** देहरादून। कैंट विधानसभा के वार्ड 32 बल्लूपुर में महानगर कोंग्रेस कमेटी देहरादून के अध्यक्ष लाल चन्द शमा व पार्षद कोमल वोहरा ने 125 परिवारो को गांधी नगर, इन्द्र विहार व वन विहार के गरीब बेरोजगारी से जूझ रहे लोगों को दूध ओर ब्रेड का नाश्ता वितरित किया। इस अवसर पर महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में वार्डो में लगातार गरीब लोगों को मदद दी जा रही है और साथ ही पार्षद कोमल वोहरा भी अपने वार्ड के साथ आस पास के वार्डो में भी राशन की मदद दे रही है। इस अवसर पर लालचन्द शर्मा ने कहा है कि किसी भी गरीब को भूखा नहीं सोने दिया जायेगा इसके लिए व्यापक स्तर पर भोजन की व्यवस्था की जायेगी। इस अवसर पर पार्षद कोमल वोहरा व पीसीसी सदस्य दीप वोहरा व रशिद खान ने लालचन्द शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

### अन्य राज्यों में उत्तराखंड के फंसे लोगों को वापस लाये जाने की मांग

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस के अनुसूचित जाति विभाग के पूर्व संयोजक मोहन कुमार काला ने अनेक राज्यों व जिलों में फंसे उत्तराखण्ड के लोगों को वापस लाने की मांग राज्य सरकार से की है और शीघ्र ही इस ओर उचित कदम उठाये जाने की आवश्यकता है।



## पुलिस कर्मचारियों व सफाई कर्मचारियों का पुष्पवर्षा के बीच सम्मान

**संवाददाता** देहरादून। कोरोना वायरस कोविड 19 से निपटने के लिए पुलिस कर्मचारियों एवं नगर निगम के सफाई कर्मचारियों कोरोना योद्धाओं को सराहनीय कार्य करने के लिए मेयर सुनील उनियाल गामा, क्षेत्रीय पार्षद रमेश कुमार मंगू ने संयुक्त रूप फूलों की वर्षा के बीच उन्हें शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। वार्ड नंबर 78 टर्नर रोड में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कोरोना वायरस कोविड 19 से निपटने के लिए शुरूआती दौर से ही जिस प्रकार से पुलिस कर्मचारी नगर निगम के पर्यावरण मित्र, सफाई कर्मचारी कोरोना योद्धाओं के रूप में कार्य कर रहे है और वह सम्मान करने के योग्य है इसी के परिपेक्ष्य में मेयर सुनील उनियाल गामा, क्षेत्रीय पार्षद रमेश कुमार मंगू ने पुलिस कर्मचारियों व पर्यावरण मित्रों, सफाई कर्मचारियो पर संयुक्त रूप से पुष्प वर्षा कर शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया।

# लॉकडाउन के चलते माइग्रेशन पर छाये संकट के बादल

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

■अप्रैल माह का दूसरा सप्ताह भी हाथ से निकला

पिथौरागढ। घाटियों में अब तापमान पूरी तरह बड चुका है। वही लाकडाउन के चलते माइग्रेशन की इंतजारी में बैठे घाटियों के ग्रमीण खासी परेशानी में पड चुके है। बता दें कि सीमांत जिले की धारचूला तहसील के अंतर्गत उच्च हिमालयी क्षेत्रों में स्थित गांवों के सैकडों ग्रमीणों के माइग्रेशन में अब दो हफते से ज्यादा देरी हो चुकी है। जहां एक ओर घाटियों में तापमान बडने लगा है वही ऐसी परिस्थिति में प्रवासी जनजाति समुदाय के जानवरों के लिए खतरा बडने लगा है। जानकारी के मुताबिक माइग्रेशन पर जाने वाले प्रवासी लोगों के साथ याक और झुप्पू जैसे हिमालयी जानवर भी है। मगर इन जानवरों को ज्यादा तापमान में रखना खुद को खतरे में डालने जैसा है। कही न कही बडता हुआ तापमान इन प्रवासी लोगो के लिए चिंता का विषय भी बनने लगा है। ताजा सूत्रों के मुताबिक उत्तराखण्ड की सीमांत तहसील धारचूला की दारमा और व्यास घाटी में आठ हजार फीट की उंचाई पर बसे गांवों के लोग शीतकाल में प्रवास पर नवंबर में निचले इलाकों धारचूला व बलुवाकोट जौलजीवी में आते है। वही अप्रैल में फिर ये लोग अपने गांवों की ओर लौटना शुरू करते है। इस बार लाकडाउन के चलते ये लोग निचले इलाकों फंसे समुदाय के सैकडों परिवार माइग्रेशन में शामिल होते है। माइग्रेशन तें रिलकोट लास्पा रह गये है। जहां इन लोगों ने उम्मीद लगाई थी कि 14 के बाद लाकडाउन खत्म हो जयेगा और ये लोग माइग्रेशन पर निकलेंगें मगर इनकी उम्मीद धरी की धरी रह गई। बता दें कि इसमें चीन सीमा से लगे तहसील मुंसयारी के जनजाति मर्तोली मिलम घनघर टोला बुर्फू गांव के लोग शामिल होते है।

वही क्षेत्र के उपजिलाधिकारी एके शुकला ने बताया कि लाकडाउन हटने के बाद इस बारे में उच्चाधिकारियो से बात कर कोई नतीजा निकाला जायेगा।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत मोदी फूड्स की गाडियों को किया रवाना

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत एवं मसूरी विधायक गणेश जोशी ने मोदी फूड्स के 10 गाड़ियों को देहरादून से मसूरी, राजपुर एवं सहस्त्रधारा के लिए रवाना किया। इन 10 गाड़ियों के माध्यम से 2300 परिवारों को राशन उपलब्ध कराया जाएगा। राशन के इन पैकेटों में आटा, चावल, तेल, मसाले, चीनी, चायपत्ती आदि शामिल है।

दून के कालीदास रोड़ से मोदी फूड्स की 10 गाड़ियों को रवाना करने के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने मीडिया से कहा कि सम्पूर्ण प्रदेश में पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए किये गये लॉकडाउन के बीच जरुरतमंद लोगों की सहायता के लिए मोर्चे पर तैनात है। इस अवसर पर साथ ही, सभी विधानसभा क्षेत्रों में विधायकों के माध्यम से गरीब लोगों की सहायता की जा रही है। उन्होनें विधायक जोशी को साबासी देते हुए कहा कि उनके द्वारा मोदी किचन के माध्यम से लाखों लोगों को भोजन प्रदान किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों को सबसे अधिक बधाई देता हूँ।